## गुस्ताखी माफ

समझौता कर लीजिए, अपनी यही सलाह।
कर पाये ईरान को, अब तक कहां तबाह।
अब तक कहां तबाह, आपने क्या ना बोला।
होर्मुज का द्वार, मगर उसने ना खोला।
कह साहिल कविराय, सुपारी बनी सरौता।
ज़िद-विद अपनी छोड़, अभी कर लें समझौता।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 149 | TUESDAY 09-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


## नगर निगम को बधाई

# मिलीभगत कर शुरू करवाई इललीगल इमारतें आखिरकार बनकर हुई तैयार, कई बिल्डिगों की सील भी खोली

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/8 जून। लुधियाना नगर निगम में कुछ भ्रष्ट अफसरों के हालात इतने खराब हो गए हैं कि कहीं 5 से 6 मंजिलां ऊंची इमारतें बनवा दी जा रही है, कहीं सीलें खोल दी जाती है तो कहीं गलत कंपाउंड बनाकर कमर्शियल बिल्डिंग तैयार करवाई जा रही है। इससे अफसर शहर का नक्शा खराब करने के साथ साथ जनता की जान को भी खतरें में डाल रहे है। हालात यह है कि इन अवैध इमारतों की शिकायतें भी हुई। लेकिन आपसी सेटिंग के चलते जिम्मेदार अफसरों ने कान और आंखें बंद कर धड़ल्ले से निर्माण कराया। अवैध निर्माण की शुरूआत में ही संबंधित जोन की बिल्डिंग ब्रांच को शिकायतें हुई। निगम अफसरों ने अवैध बता काम रोके भी, लेकिन फिर से शुरू हुए। फिर शिकायतें हुई, लेकिन कोई एक्शन नहीं हुआ। अफसरों पर आपसी सेटिंग के बाद निर्माण कराने के आरोप भी लगे। आज आखिरकार उक्त सभी इललीगल इमारतें बनकर तैयार हो चुकी हैं। जिसके चलते इस बात पर शहर में चर्चा छिड़ गई कि निगम की बिल्डिंग ब्रांच समेत तमाम अधिकारियों और हाउस लीडरों को बधाई देनी बनती है। क्योंकि कुछ अधिकारियों ने मिलीभगत करके निर्माण करवाए, जबकि दूसरे अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की, वहीं हाउस लीडरों ने भी आवाज उठाना जरुरी नहीं समझा। चर्चा है कि ऐसे अवैध कार्य करवाने वाले अफसरों को नोबल पुरस्कार मिलना चाहिए। वहीं इसी के साथ साथ जिन इमारतों को अवैध बता निगम ने ही सील किया था, उन्हीं इमारतों की सीलें फिर खोल दी गई हैं। अब यह सीलें कैसे खुली, यह अफसर ही बता सकते हैं।

### कमिश्नर-जोनल कमिश्नर के आदेश पर भी नहीं रुका शोरुम कार्य

जोन-ए अधीन आती चांद सिनेमा रोड पर बनी मरवाहा मैन्स वेयर की चार मंजिलां इमारत इललीगल तरीके से तैयार की गई है।



शोरुम मालिक ने उक्त इमारत तो बनाई ही, बल्कि साथ में एक और अवैध इमारत बनाकर आपस में जोड़ ली। डेढ़ मंजिल पास होने के बावजूद अवैध निर्माण हुआ। सितंबर 2025 में दूसरा लैटर पड़ने के दौरान पूर्व एटीपी लक्की को शिकायत हुई। लेकिन एक्शन नहीं लिया। फिर पूर्व कमिश्नर आदित्य डेचलवाल, एडिशनल कमिश्नर परमदीप सिंह खैरा को शिकायत हुई। कार्रवाई न होने पर एटीपी को सस्पेंड कर दिया और 10 दिन बाद उसे बहाल कर फिर उसी सीट पर बैठा दिया। जिसके बाद काम नहीं रुका। चर्चा है कि इस खेल में निगम के कुछ अफसर व राजनेता शामिल है। बाद में पूर्व एटीपी लक्की का कहना था कि बिल्डिंग मालिक ने सारे पैसे जमा करवा दिए हैं। नियमों के मुताबिक पैसे जमा नहीं हो सकते, अगर हुए तो अफसर स्लीप जनतक करें। फिर एटीपी कपिल देव ने भी एक्शन नहीं लिया। 9 महीने की बहानेबाजी के बाद आज निर्माण पूरा करवा दिया गया।

### इंस्पेक्टर मक्कड़ और सोनी पर एक्शन हो चुका शुरु

बता दें कि पिछले दिनों निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता द्वारा सख्त एक्शन लिया गया था। जिसके चलते उन्होंने जोन-ए के बिल्डिंग इंस्पेक्टर हरमिंदर सिंह मक्कड़ और जोन-सी के दिलीप कुमार सोनी के खिलाफ अवैध निर्माणों पर कार्रवाई न करने और अपने ड्यूटी में लापरवाही बरतने को लेकर चार्जशीट की सिफारिश की है। हालांकि इस कार्रवाई के बाद बाकी अधिकारियों को कान होते हैं या नहीं यह तो समय ही बताएगा।

### आत्म पार्क के पास बन रही अवैध इमारत

जोन-डी अधीन आते आत्म पार्क चौक के पास चार मंजिलां अवैध इमारत बनाई जा रही है। इमारत मालिक ने न तो आगे पार्किंग एरिया छोड़ा और न ही हाउसलेन छोड़ी। यह इमारत भी इतनी बड़ी बनी है कि इसमें अगर कोई अप्रिय घटना हुई, तो बचाव का मौका भी नहीं मिल सकेगा। जल्द इस मामले संबंधी खुलासा किया जाएगा।

### जिस अफसर ने की थी सील, उसकी तैनाती होते ही खुली

जोन-ए अधीन आते भदौड़ हाउस में एससीएफ की जगह होटल विक्रांत, होटल महाराजा, होटल ग्रेट वॉल और होटल सरताज बने हैं। उन्हें देखकर अब एक और व्यक्ति ने एससीएफ की जगह बांच मंजिलां इमारत खड़ी कर डाली। चर्चा है कि मालिक के पास एनओसी, न नक्शा है और न कंपाउंड हो सकती है। करीब तीन महीने पहले निगम जोन-ए में एटीपी रहते गुरविंदरपाल सिंह लक्की ने उक्त बिल्डिंग को सील किया था। फिर उनकी ट्रांसफर हो गई। अब दोबारा वे इसी जोन में बतौर इंस्पेक्टर तैनात हुए, उनकी तैनाती होने के बाद ही उक्त अवैध बिल्डिंग की सील खुल गई और निर्माण कार्य जारी है।






### शिकायतों के बाद काम रुकवाया, आज बनवा डाला आलीशान होटल

जोन-डी अधीन आते बस स्टैंड स्थित यमला पार्क नजदीक साढ़े चार मंजिलां होटल वेव इललीगल बना हुआ है। ढाई मंजिल पास करवा चार मंजिल बनवाई गई। जुलाई 2025 में निगम जोन-डी बिल्डिंग ब्रांच को शिकायतें हुई, तो पूर्व एटीपी मोहन सिंह ने मौके पर आकर काम रुकवाया। लेकिन कुछ दिन बाद फिर काम शुरु हो गया। फिर शिकायतें हुई, लेकिन कोई कार्रवाई न होकर आखिर एक साल निर्माण कार्य करवाकर लाजपत नगर के मोहित व रोहित चावला ने 70 गज में उक्त आलीशान होटल वेव खड़ा कर दिया। होटल के पास न तो पार्किंग व्यवस्था है और न ही फ्रंट पर जगह छोड़ी। यहां तक कि बाधरा बनाकर सड़क पर कब्जा कर लिया। होटल निर्माण कार्य पिछले महीने ही पूरा हुआ है। नए नियुक्त अफसरों ने भी इसे रोकने का प्रयास नहीं किया।

### गलत कंपाउंडिंग कर बनी कमर्शियल इमारत, बनकर तैयार



कारपोरेशन जोन-सी के अधीन आती गिल रोड, लोहा मार्केट में पंजाब हार्डवेयर स्टोर की बैक साइड सड़क पर रमन स्टील फर्म की गलत कंपाउंड कर कमर्शियल इमारत बनवाई गई। यह इमारत इंस्पेक्टर दलीप कुमार सोनी के कार्यकाल में बनी। दो अप्रैल को यह मामला निगम बिल्डिंग ब्रांच के उच्च अधिकारियों तक पहुंचा। चर्चा है कि उच्च अधिकारियों ने नीचले अफसरों को फटकार भी लगाई कि उन्होंने पूरे विभाग को फंसा दिया। जिसके बाद भी निर्माण कार्य नहीं रुका। अब दो महीने बीतने के बाद उक्त बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा हो गया। इस मामले में एटीपी रणधीर सिंह लगातार जांच करने की बात कहकर टालते रहे। आखिर अब उक्त बिल्डिंग में मालिक रमनदीप सिंह ने अपना कमर्शियल कार्य शुरू कर लिया है। चर्चा है कि निगम अफसरों ने मिलकर उक्त कंपाउंडिंग में हेरफेर करके उसे दिखाने को दरुस्त कर दिया है।



### अफसरों-लीडर के आदेशों के बावजूद असेंसरी शोरुम पर एक्शन नहीं

निगम जोन-ए अधीन वॉर्ड 90 के पुरानी कोतवाली एरिया में बेसमेंट समेत छह मंजिलां पीएस मोबाइल शोरुम की इललीगल इमारत बनी। पहले तो पुराने अफसरों ने इस अवैध निर्माण को रोका नहीं। सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर और निगम अफसरों के आदेशों के बावजूद पूर्व इंस्पेक्टर कशिश गर्ग कार्रवाई को टाल मटोल करती रही। जिसके बाद इंस्पेक्टर हरमिंदर पाल सिंह मक्कड़ ने चार्ज लिया। वे दो बार शोरुम पर गए और बिना कार्रवाई के वापिस लौट आए। उक्त मोबाइल असेंसरी मालिक इतना बाहुबली है कि कोई अधिकारी चाहकर भी उस पर एक्शन नहीं ले सका, जबकि उसके एकदम सामने 10 फीट की दूरी पर तीन मंजिलां अवैध इमारत सील कर दी।

# इंडियन आइडल अकादमी की म्यूजिकल इवनिंग में गूंजे सुरों के रंग, प्रतिभागियों ने बांधा समां



लुधियाना/यूटर्न/8 जून। इंडियन आइडल अकादमी, सिविल लाइन सीमेटरी रोड में एक भव्य म्यूजिकल इवनिंग का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों से लेकर युवाओं, गृहिणियों और वरिष्ठ प्रतिभागियों ने अपनी गायन कला का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुरों और संगीत से सजी इस संगीतमय शाम का आयोजन अकादमी के डायरेक्टर रविनंदन शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान रविनंदन शर्मा, रवि साहिल सहित अनेक प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां देकर खूब वाहवाही बटोरी। म्यूजिकल इवनिंग में मुख्य अतिथि के रूप में एडीशनल कमिश्नर एमसी एवं जॉइंट कमिश्नर नीरज जैन पहुंचे। अकादमी की ओर से उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया इसके अतिरिक्त प्रो. अंतिमा, नैना जैन, शिव बिडलान, डॉ. वीना, विशाल कुमार, डॉ. अश्विनी बावा, माँ अर्पना पायल, संदीप वाधवा सेंडी, वरलीन, जीवन धवन, रिपु दमन शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। अकादमी की ओर से सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए नीरज जैन ने कहा कि संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन का सशक्त साधन है।

# स्टूडेंट्स ने फैशन के जरिए पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



लुधियाना/यूटर्न/8 जून। लुधियाना में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ग्लैमर एंड लाइफस्टाइल स्टडीज (आईआईजीएलएस) में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति छात्रों की भागीदारी को सामने लाना रहा।निदेशक मैडम गीता नागरथ के नेतृत्व में हुए आयोजन में विद्यार्थियों ने पुनर्चक्रण योग्य सामग्री का उपयोग कर रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में छात्र हरसिमरन, श्रुति, सुहानी, हर्षिता, अर्शप्रीत कौर, हरमन, गुरसिमरन, सिलिका, अमीषा, आंचल, मनजोत कौर और नारायणी ने जूट, सूखी पत्तियां, तने, प्लास्टिक बैग और कॉटन जैसी पर्यावरण-अनुकूल सामग्री से तैयार ड्रेसेस डिजाइन कर मंच पर प्रस्तुत कीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से पुनर्चक्रण और टिकाऊ जीवनशैली के संदेश को रेखांकित किया गया। आयोजन फैकल्टी मेंटर मनीषा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# क्या यार्न डीलरों का पेमेंट रिकवरी अभियान बन रहा है कारोबार जगत में तनाव का कारण?

## वसूली के बढ़ते दबाव, विवादों और कानूनी लड़ाइयों से उद्योग जगत में बढ़ी चिंता

लुधियाना/यूटर्न/08 जून। होजरी और गारमेंट उद्योग की राजधानी माने जाने वाले लुधियाना में इन दिनों यार्न डीलरों द्वारा शुरू किया गया पेमेंट रिकवरी अभियान कारोबार जगत में चर्चा और चिंता का विषय बना हुआ है। उद्योग से जुड़े कई लोगों का मानना है कि बकाया भुगतान की वसूली के लिए बढ़ता दबाव अब कारोबारी रिश्तों को प्रभावित करने लगा है और इससे नए-नए विवाद जन्म ले रहे हैं। जानकारों के अनुसार पिछले कुछ समय से कई यार्न डीलर संगठित रूप से बकाया भुगतान की वसूली के लिए सक्रिय हैं। हालांकि इसका कितना सकारात्मक असर भुगतान रिलीज होने पर पड़ा है, यह स्पष्ट नहीं है, लेकिन इसके चलते उद्योग जगत में तनाव का माहौल जरूर बनता दिखाई दे रहा है।

हाल ही में वेबसन क्लोदिंग के संचालक संदीप गुप्ता ने आरोप लगाया था कि भुगतान विवाद को लेकर कुछ यार्न डीलरों के साथ उनका विवाद हुआ, जिसके बाद पुलिस में मामला दर्ज कराया गया। इस घटना ने उद्योग जगत का ध्यान खींचा था और भुगतान वसूली के तौर-तरीकों पर सवाल खड़े किए थे। इसी बीच एक अन्य विवाद ने मामला और गर्मा दिया। कुछ यार्न डीलरों द्वारा कथित रूप से कई कारोबारियों की एक 'ब्लैक लिस्ट' तैयार कर सोशल मीडिया ग्रुपों में साझा कर दी गई।




इस सूची में शामिल कुछ कारोबारियों ने इसे अपनी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाला कदम बताते हुए कड़ा विरोध जताया। एक कारोबारी ने तो संबंधित व्यक्तियों को मानहानि का कानूनी नोटिस भेजने के साथ-साथ पुलिस में शिकायत देकर दोषियों और संबंधित ग्रुप के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है।

उद्योग जगत के कई वरिष्ठ लोगों का मानना है कि मौजूदा आर्थिक मंदी, कमजोर मांग और नकदी संकट के दौर में इस तरह के विवाद पूरे कारोबारी माहौल को प्रभावित कर सकते हैं। उनका कहना है कि भुगतान वसूली हर कारोबारी का अधिकार है, लेकिन इसके लिए कानूनी और संस्थागत रास्तों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए ताकि उद्योग में अनावश्यक तनाव और टकराव की स्थिति न बने। मामले को बढ़ता देख कई बुद्धिजीवियों और उद्योग प्रतिनिधियों ने मध्यस्थता कर समझौते के प्रयास भी किए हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है।

ऐसे में सवाल यह है कि क्या पेमेंट रिकवरी का यह अभियान उद्योग जगत में वित्तीय अनुशासन स्थापित करेगा या फिर कारोबारियों के बीच अविश्वास और तनाव को और बढ़ाएगा। उद्योग से जुड़े लोगों का मानना है कि मौजूदा परिस्थितियों में संवाद, पारदर्शिता और कानूनी प्रक्रिया ही इस विवाद का स्थायी समाधान हो सकती है।

# सोना 1,800 सस्ता हुआ, चांदी 6,400 से ज्यादा गिरी: आखिर कीमती धातुओं की कीमतें क्यों गिर रही हैं?

चंडीगढ़/यूटर्न/8 जून। सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट जारी रही। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (अमेरिका) से उम्मीद से बेहतर आर्थिक आंकड़े आने के बाद निवेशकों ने अमेरिकी ब्याज दरों के बारे में अपनी राय बदली, जिससे दोनों कीमती धातुओं पर भारी बिकवाली का दबाव बना। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना 1,826 या 1.17 प्रतिशत गिरकर ₹1,53,568 प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था। चांदी में और भी ज्यादा गिरावट आई; यह ₹6,466 या 2.60 प्रतिशत गिरकर ₹2,42,071 प्रति किलोग्राम पर आ गई। यह गिरावट ग्लोबल बुलियन मार्केट (सोने-चांदी के बाजार) के लिए एक मुश्किल हफ्ते के बाद आई है। पिछले हफ्ते कॉमेक्स सोना 4 प्रतिशत से ज्यादा गिरा, जबकि चांदी में मार्च 2026 के बाद से सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई।



## अमेरिका के मजबूत जॉब्स डेटा ने माहौल बदला

सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट की सबसे बड़ी वजह अमेरिका की हालिया जॉब्स रिपोर्ट है। मई में अमेरिकी अर्थव्यवस्था में उम्मीद से ज्यादा नौकरियां जुड़ीं, जो लगातार तीसरे महीने मजबूत रोजगार वृद्धि को दिखाता है। बुलियन की कीमतों पर असर डालने वाला एक और कारण ईरान-अमेरिका बातचीत को लेकर अनिश्चितता है।

## चांदी सोने के मुकाबले ज्यादा क्यों गिर रही है?

सोने की तुलना में चांदी में ज्यादा गिरावट आई है क्योंकि यह एक कीमती धातु होने के साथ-साथ एक इंडस्ट्रियल कमोडिटी (औद्योगिक वस्तु) भी है। निवेश के अलावा, चांदी का इस्तेमाल इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक वाहनों और मैन्युफैक्चरिंग में बड़े पैमाने पर होता है। जब निवेशक आर्थिक विकास को लेकर चिंतित होते हैं या ऊंची ब्याज दरों की उम्मीद करते हैं, तो चांदी पर अक्सर दो तरह का दबाव पड़ता है: निवेश की कमजोर मांग और औद्योगिक खपत को लेकर चिंता।

## जानकारों को आगे क्या उम्मीद है?

एक्सिस सिक्योरिटीज का मानना है कि आने वाले समय में सोना और चांदी दोनों पर दबाव बना रहेगा। ब्रोकरेज ने कहा कि इस हफ्ते सोने की कीमतों में गिरावट का रुख रहने की संभावना है क्योंकि बाजार अमेरिकी ब्याज दरों की उम्मीदों और महंगाई की चिंताओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चांदी के लिए भी आउटलुक कमजोर बना हुआ है। जानकारों का मानना है कि जब तक यह 73 डॉलर प्रति औंस के अहम रेजिस्टेंस लेवल से नीचे रहेगी, तब तक इस धातु पर दबाव बना रहेगा।



पेज 06 शहीदी गुरुपर्व को समर्पित विशाल नगर कीर्तन 15...

# मल्हार रोड पर Hut Tea के बाहर हरे-भरे पेड़ों का 'कत्ल', प्रशासन बना मूकदर्शक

## समाजसेवी के हस्तक्षेप के बाद रुका काम, जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

लुधियाना/यूटर्न/07 जून। एक ओर सरकार और प्रशासन शहर को हरा-भरा बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर पौधारोपण अभियान चलाने के दावे कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के प्रमुख मल्हार रोड क्षेत्र में हरे-भरे पेड़ों को कथित तौर पर बेरहमी से नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। सोमवार सुबह मल्हार रोड स्थित Hut Tea आउटलेट के बाहर कई पेड़ों की शाखाओं को इस कदर काट दिया गया कि स्थानीय लोगों ने इसे पेड़ों का 'कत्ल' करार दिया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह के समय कुछ लोग पेड़ों की कटाई में जुटे हुए थे। देखते ही देखते वर्षों पुराने पेड़ों की बड़ी-बड़ी शाखाएं सड़क किनारे ढेर में तब्दील हो गई। तस्वीरों में भी साफ देखा जा सकता है कि पेड़ों को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। हैरानी की बात यह रही कि इतनी बड़ी कार्रवाई के दौरान न तो किसी विभाग का अधिकारी मौके पर दिखाई दिया और न ही किसी ने हस्तक्षेप किया। मामले की सूचना मिलने पर समाजसेवी रविंदर पाल सिंह घई मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लेने के बाद तत्काल कटाई का कार्य रुकवाया। घई ने कहा कि जब तक वह मौके पर पहुंचे, तब तक पेड़ों को काफी नुकसान पहुंचाया जा चुका था। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि आम नागरिकों को पेड़ों के साथ हो रहा यह खिलवाड़ दिखाई दे सकता है तो संबंधित विभागों और प्रशासन को यह क्यों नहीं दिखा। घई ने कहा कि विकास कार्यों या किसी व्यावसायिक प्रतिष्ठान की सुविधा के नाम पर पर्यावरण से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने संबंधित विभाग को शिकायत देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी व्यक्ति, ठेकेदार या अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में पहले ही हरियाली लगातार कम होती जा रही है। ऐसे में वर्षों पुराने पेड़ों को नुकसान पहुंचाना पर्यावरण संरक्षण के सभी दावों पर सवाल खड़े करता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि पेड़ों की कटाई के लिए अनुमति ली गई थी या नहीं, और यदि नियमों का उल्लंघन हुआ है तो जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# आम आदमी पार्टी ने बिंदिया मदान को महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया

लुधियाना/यूटर्न/08 जून। आम आदमी पार्टी ने लुधियाना की वरिष्ठ महिला नेता बिंदिया मदान को महिला विंग का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर बिंदिया मदान ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ निभाएंगी। बिंदिया मदान ने कहा कि वह सर्वशक्तिमान परमात्मा और आम आदमी पार्टी के समूचे नेतृत्व की आभारी हैं, जिन्होंने उन पर विश्वास जताते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्य प्रभारी मनीष सिसोदिया, प्रदेश अध्यक्ष



अमन अरोड़ा, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमनदीप कौर अरोड़ा, गायत्री बिश्नोई, विधायक मदन लाल बग्गा तथा दलित विकास बोर्ड के चेयरमैन विजय दानव सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों और विधायकों का विशेष धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि वह जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी मेहनत से कार्य करेंगी और पार्टी की नीतियों तथा जनहित के मिशन को घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास करेंगी। बिंदिया मदान ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जताया गया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिसे वह पूरी लगन और प्रतिबद्धता के साथ निभाएंगी। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके सहयोग और विश्वास से ही वह जनता की सेवा के इस सफर को और मजबूती से आगे बढ़ा सकेंगी।




# आप ने महिला विंग की नई नियुक्तियों की, मेयर स्टेट सीनियर वाइस प्रेसिडेंट बनीं

लुधियाना/यूटर्न/8 जून। आम आदमी पार्टी पंजाब ने राज्य की महिला विंग के लिए नई संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा की है। पार्टी द्वारा जारी आदेश के अनुसार विभिन्न पदों पर महिला नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी सूची के अनुसार प्रिंसिपल इंदरजीत कौर को स्टेट सीनियर वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया है। उनके अलावा कई अन्य महिला नेताओं को भी प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण पद दिए गए हैं। प्रमुख नियुक्तियां स्टेट सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रिंसिपल इंदरजीत कौर, सीमा सोढ़ी, भूपिंदर कौर, स्टेट वाइस प्रेसिडेंट गुरप्रीत कौर, एडवोकेट सिमरनजीत कौर, राजदीप कौर, बिंदिया मदान, जोन इंचार्ज (दोआबा) कंचन देओल, स्टेट जॉइंट सेक्रेटरी बलविंदर कौर (कपूरथला), जगजीत कौर, भजन कौर, हरजिंदर कौर, सरबजीत कौर, माइटी डीन, बलजीत कौर, खुशबू बंसल, मनदीप कौर खांबे, शमा फारूकी हैं। पार्टी की ओर से जारी इस सूची में महिला विंग को और मजबूत करने तथा संगठन के विस्तार को ध्यान में रखते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।



# लुधियाना देहाती पुलिस का 'ऑपरेशन क्लीन'

## नशा तस्करों की कमर टूटी, भारी मात्रा में नशीले पदार्थ और शराब बरामद

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/8/जून। लुधियाना देहाती पुलिस ने जिले को नशा मुक्त बनाने के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए नशा तस्करों के खिलाफ एक बड़ा अभियान छेड़ दिया है। पिछले 24 घंटों के भीतर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी ने तस्करों के नेटवर्क को हिलाकर रख दिया है। इस बड़े ऑपरेशन में पुलिस ने नशीली गोलियों, हेरोइन और अवैध शराब की बड़ी खेप जब्त की है।

### विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की कार्रवाई

पुलिस की कार्रवाई का विवरण इस प्रकार है :

**थाना सुधार :** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तस्कर परविंदर कुमार को 2.63 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

**थाना हठूर :** अवैध शराब के काले कारोबार पर चोट करते हुए पुलिस ने हरजिंदर सिंह को 23 पेटी अवैध शराब समेत काबू किया है।

**थाना सिधवा बेट :** इस क्षेत्र में पुलिस ने हरपाल सिंह नामक व्यक्ति को 20 बोतल अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

**थाना जोधा :** नशीले पदार्थों की आपूर्ति की चेन तोड़ते हुए पुलिस ने करन सिंह से 12 नशीली गोलियां बरामद की हैं।

**थाना सदर जगरांव :** पुलिस ने नशा तस्करी के आरोप में जसवीर सिंह को 10 नशीली गोलियों और संदिग्ध दवा के पत्तों के साथ गिरफ्तार किया है।

**थाना सदर रायकोट :** पुलिस ने दविंदर सिंह के पास से प्रतिबंधित नशीली गोलियां (ट्रामाडोल) की 18 गोलियां बरामद कर उसे हिरासत में लिया है। जिला पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नशा तस्करी में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में यह अभियान और अधिक सख्त होगा और नशा माफियाओं की जड़ें खोद दी जाएंगी।

# अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर की ओर से हरियाना में बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/08 जून। पंजाब सरकार के निर्देशों के अनुरूप नगर परिषदों में सफाई प्रबंधों का निरीक्षण करने की श्रृंखला शुरू करते हुए अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर निधी कुमुद बंबाह ने नगर परिषद हरियाना का औचक दौरा कर सफाई प्रबंधों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को शहर की सफाई को और भी बेहतर ढंग से सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने हरियाना नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी, सफाई सुपरवाइजरों, सफाई सेवक यूनियन के प्रधान और अन्य प्रतिनिधियों की मौजूदगी में शहर का चक्कर लगाया।



# डेढ़ करोड़ की साइबर ठगी में पांचवां आरोपी गिरफ्तार, यूपी से दबोचकर 3 दिन के रिमांड पर लिया

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/08 जून। पंचकूला पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम ने करीब डेढ़ करोड़ रुपये की ऑनलाइन ट्रेडिंग धोखाधड़ी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए गिरोह के पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी मोनू उर्फ मोहम्मद अशरफ (25) निवासी महाराजनगर, लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश) को उत्तराखंड के रामपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। अदालत में पेश करने के बाद आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।





पुलिस के अनुसार आरोपी एक संगठित साइबर ठगी गिरोह का सक्रिय सदस्य है, जो टेलीग्राम और बिट-सन्नी जैसे ऐप के माध्यम से लोगों को निवेश पर अधिक मुनाफे का लालच देकर ठगता था। रिमांड के दौरान पुलिस ठगी गई रकम और गिरोह के अन्य फरार सदस्यों के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास करेगी। साइबर थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि पंचकूला निवासी एक व्यक्ति ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार नवंबर 2023 में टेलीग्राम पर एक व्यक्ति ने उनसे संपर्क कर दावा किया कि उसके अंकल अमेरिका में बड़े स्तर पर ट्रेडिंग का कारोबार करते हैं। आरोपी ने निवेश करने पर भारी मुनाफे का झांसा देकर पीड़ित को बिट-सन्नी ऐप डाउनलोड करवाया।

विश्वास जीतने के लिए आरोपियों ने शुरूआती निवेश पर फर्जी मुनाफा दिखाया और कुछ राशि निकालने भी दी। इसके बाद पीड़ित से अलग-अलग बैंक खातों में करीब 80 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए। जब पीड़ित ने अपनी रकम निकालने का प्रयास किया तो आरोपियों ने 30 प्रतिशत टैक्स के नाम पर उससे लगभग 30 लाख रुपये और जमा करवा लिए। इस प्रकार पीड़ित को कुल करीब 1.50 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। ठगी का अहसास होने पर जब पीड़ित ने पुलिस कार्रवाई की बात कही तो आरोपियों ने टेलीग्राम अकाउंट डिलीट कर दिया, जिससे चैट रिकॉर्ड भी गायब हो गया। पीड़ित ने सितंबर 2024 में औपचारिक शिकायत दर्ज करवाई थी। इसके बाद साइबर क्राइम थाना ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की जांच सब-इंस्पेक्टर भूप सिंह कर रहे हैं। डीसीपी क्राइम एवं ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस पहले ही चार आरोपियों—राजेश कुमार (एटा, उत्तर प्रदेश), आकिब अली उर्फ शेरू (लखीमपुर देहात, उत्तर प्रदेश), आकाश (बिजनौर, उत्तर प्रदेश) और विशाल कुमार (हनुमानगढ़, राजस्थान)—को गिरफ्तार कर चुकी है। इनके कब्जे और ठिकानों से मोबाइल फोन, 15 एटीएम/डेबिट कार्ड, 19 चेकबुक तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए थे। पुलिस इनके खिलाफ अदालत में चालान भी पेश कर चुकी है। जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने मोनू उर्फ मोहम्मद अशरफ को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही और गिरफ्तारियां होने की संभावना है।

# सीआईए स्टाफ बन बदमाशों ने ज्वेलर्स से 5 लाख वसूले, हथकड़ी लगाकर स्कॉर्पियो में बैठाया, चोरी का माल खरीदने की धमकी दी

मोहाली/यूटर्न/8 जून। जीरकपुर में बदमाशों ने खुद को सीआईए स्टाफ बताकर एक ज्वेलर्स से पांच लाख रुपये की उगाही कर ली। बदमाशों ने ज्वेलर्स को दुकान से उठाकर हथकड़ी लगाई और स्कॉर्पियो में बैठाकर घुमाया। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है। पंचकूला निवासी गौरव गोयल ने पुलिस को शिकायत दी है। गौरव चंडीगढ़-अंबाला रोड पर एमजी ज्वेलर्स का संचालन करते हैं। उन्होंने बताया कि 5 जून की दोपहर करीब 3:50 बजे उनकी दुकान के बाहर एक काले रंग की स्कॉर्पियो रुकी। गाड़ी से तीन व्यक्ति उतरे, जिनमें से एक ने खाकी पगड़ी और खाकी पैंट पहनी थी। उनके साथ एक व्यक्ति हथकड़ी लगाए हुए था, जबकि दूसरे के हाथ में एक फाइल थी।



## चोरी का सामान का लगाया आरोप

शिकायत के अनुसार, आरोपी सीधे दुकान में घुस गए। उन्होंने हथकड़ी लगे व्यक्ति को थप्पड़ मारते हुए कहा कि उसने चोरी का सामान गौरव को बेचा है। इसके बाद आरोपियों ने गौरव पर चोरी का माल खरीदने का आरोप लगाया और बताया कि उसके खिलाफ मामला दर्ज है। कुछ ही देर में गौरव को भी हथकड़ी लगा दी गई, उसका मोबाइल फोन और गाड़ी की चाबी छीन ली गई। उसे जबरन स्कॉर्पियो में बैठा लिया गया। दुकान पर मौजूद कर्मचारी जोगिंदर सिंह को भी साथ ले जाया गया।

## चाकू दिखा 10 लाख रुपए मांगें

गौरव ने बताया कि स्कॉर्पियो में पहले से दो अन्य व्यक्ति बैठे थे। रास्ते में आरोपियों ने खुद को सीआईए स्टाफ बताते हुए उसके साथ मारपीट की और चाकू दिखाकर 10 लाख रुपये की मांग की। बाद में उसे जीरकपुर स्थित मैकडॉनल्ड्स के पास ले जाया गया और उसके पिता को बुलाया गया। आरोप है कि मामला रफा-दफा करने के नाम पर दबाव बनाकर पांच लाख रुपये वसूल लिए गए। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, और फरार दो अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# नाबालिग का अपहरण: शादी के नाम पर 16 वर्षीय किशोरी को अगवा करने का मामला दर्ज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/8/जून। जगरांव में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर अगवा करने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**क्या है पूरा मामला?...**प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी हरप्रीत सिंह, जो कि गांव भडियां कलां का निवासी है, पर लड़की को फुसलाकर ले जाने का आरोप है। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने उनकी नाबालिग बेटी को शादी का झांसा दिया और 5 जून की सुबह करीब 3 :30 बजे उसे अपने साथ भगा ले गया।

**पुलिस की कार्रवाई...**पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 137(2) और 96 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए लड़की की तलाश की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 6 घंटे में दबोचे स्नैचर, छीना गया मोबाइल और एक्टिवा बरामद

अजीत झा



पंचकूला/यूटर्न/08 जून। पंचकूला पुलिस ने स्नैचिंग की वारदात को महज छह घंटे के भीतर सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई एक्टिवा बरामद कर ली है। साथ ही एक अन्य संदिग्ध मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार 7 जून की सुबह सेक्टर-3 स्थित गोल्फ क्लब के नजदीक एक व्यक्ति अपनी साइकिल से जा रहा था। इसी दौरान काले रंग की एक्टिवा पर सवार दो युवकों ने उसकी साइकिल रोक ली। आरोप है कि एक युवक ने उसे पीछे से पकड़ लिया, जबकि दूसरे ने उसकी जेब से मोबाइल फोन छीन लिया। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-20 थाना पुलिस ने स्नैचिंग का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए सेक्टर-21 पुलिस चौकी की टीम ने इंचार्ज दीदार सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई शुरू की। जांच अधिकारी एएसआई रविंद्र सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और तकनीकी व स्थानीय जांच के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उसी दिन पीरमुच्छल्ला क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रिंस और मंटू के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ के रहने वाले हैं और वर्तमान में जीरकपुर में किराये पर रह रहे थे। पूछताछ के दौरान आरोपी प्रिंस के कब्जे से शिकायतकर्ता का छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई एक्टिवा भी जब्त कर ली है।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी महज 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

पंचकूला/यूटर्न/08 जून। हरियाणा के पंचकूला में 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आज पुलिस द्वारा आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहाँ से कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंचकूला की रहने वाली एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी पंचकूला की एक कोठी में बच्चों की देखभाल का काम करती है। 5 जून 2026 को जब उसकी बेटी समय पर घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। देर रात जब लड़की घर पहुंची, तो उसने रोते हुए अपनी मां को आपबीती सुनाई। पीड़िता ने बताया कि सोशल मीडिया पर उसकी मुलाकात पंचकूला निवासी एक युवक से हुई थी। युवक ने उसे प्यार के जाल में फंसाया और शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला सेल पंचकूला की इंचार्ज महिला सब इंस्पेक्टर पूजा और पुलिस टीम तुरंत एक्शन में आई। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मजिस्ट्रेट के समक्ष पीड़िता के बयान दर्ज करवाए गए और नागरिक अस्पताल में उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद जांच अधिकारी एएसआई चिरंजी लाल ने टीम की मदद से 7 जून को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।





पेज 12 अमृतपाल की पार्टी में जाएंगे विधायक अयाली...

# नीट री-टेस्ट के प्रश्न-पत्र एमआई-17 हेलीकॉप्टर से ले जाए जाएंगे; प्रश्न-पत्र तैयार करने वाले बिना फोन और इंटरनेट के गुप्त जगहों पर रहेंगे

चंडीगढ़/यूटर्न/8 जून। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) 21 जून को होने वाली नीट-यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा के लिए लॉजिस्टिकल सपोर्ट देगी। बड़े सूत्रों के मुताबिक, देश भर में प्रश्न-पत्रों को सुरक्षित रूप से पहुंचाने के लिए एमआई-17 हेलीकॉप्टर और अन्य हवाई साधनों को तैनात किया जाएगा। खास बात यह है कि एमआई-17 हेलीकॉप्टर कई तरह के काम करने वाले, मध्यम क्षमता वाले विमान हैं जिन्हें मुख्य रूप से सैन्य परिवहन, सैनिकों को पहुंचाने और युद्ध में मदद के लिए बनाया गया है। सूत्रों के अनुसार, आईएएफ देश भर में 18 तय जगहों से नीट-यूजी के गोपनीय प्रश्न-पत्रों के पैकेट वितरण केंद्रों और परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाएगी, ताकि वे समय पर और सुरक्षित रूप से पहुंच सकें। यह कदम एक बड़े सुरक्षा ढांचे का हिस्सा है, जिसका मकसद उन गड़बड़ियों को दोबारा होने से रोकना है जिनकी वजह से पिछली परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी।



## लीक रोकने के लिए कई स्तरों वाली योजना

सूत्रों ने बताया कि पेपर तैयार करने वालों को एक जगह बंद रखना (लॉकडाउन) एक बड़ी सुरक्षा रणनीति का सिर्फ. एक हिस्सा है। इस रणनीति का मकसद परीक्षा प्रक्रिया के हर चरण प्रश्न-पत्र तैयार करने और स्टोर करने से लेकर उन्हें लाने-ले जाने और बांटने तक को सुरक्षित रखना है।

## सुरक्षा के खास इंतजाम

आईएएफ के साधनों को तैनात करने का फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब अधिकारी किसी राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के लिए अब तक की सबसे सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू कर रहे हैं। 21 जून को होने वाली नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा से पहले, प्रश्न-पत्र तैयार करने वालों, मॉडरेटर और अनुवादकों को एक सुरक्षित और गुप्त जगह पर भेजा गया है, जहां वे परीक्षा होने तक लॉकडाउन जैसी स्थिति में रहेंगे। पेपर लीक होने की किसी भी संभावना को खत्म करने के लिए मोबाइल फोन, लैपटॉप, इंटरनेट सेवाओं और बाहरी संचार के सभी साधनों के इस्तेमाल पर कड़ी रोक लगाई गई है।

## भरोसा बहाल करने की कोशिश

केंद्र सरकार के ये कड़े सुरक्षा उपाय नीट-यूजी 2026 की मूल परीक्षा के रद्द होने के बाद किए गए हैं, जो पेपर लीक के आरोपों के कारण रद्द हुई थी। 21 जून को होने वाली दोबारा परीक्षा को भरोसा बहाल करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। अधिकारी यह पक्का करना चाहते हैं कि प्रक्रिया का हर चरण प्रश्न-पत्र तैयार करने और लाने-ले जाने से लेकर परीक्षा केंद्रों पर बांटने तक सुरक्षित, पारदर्शी और छेड़छाड़-मुक्त रहे।

# सीपीए सम्मेलन में मुख्यमंत्री सैनी ने बताया–विकसित भारत के लिए जन-जागरूकता और विधायी नेतृत्व जरूरी

चंडीगढ़/यूटर्न/08 जून। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज दुनिया तेजी से बदल रही है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा जरूरतें और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियां सामने हैं। इनका समाधान केवल प्रशासनिक फैसलों से नहीं, बल्कि जन-जागरूकता, सामाजिक सहभागिता और मजबूत विधायी नेतृत्व से ही संभव है।




वे हरियाणा विधानसभा में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (CPA) इंडिया रीजन के जोन-2 के तीन दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'विकसित भारत @2047' का संकल्प केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि 140 करोड़ लोगों का राष्ट्रीय संकल्प है। इसे केवल सरकार नहीं, बल्कि समाज और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से ही पूरा किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा ने भी 'विकसित भारत @2047' के विजन को अपनाते हुए विकास का रोडमैप तैयार किया है। राज्य में 'डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर' जैसी पहल की गई है, ताकि भविष्य की चुनौतियों के लिए आज से तैयारी हो सके।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा का लक्ष्य 2047 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और 40 लाख रुपये प्रति व्यक्ति आय हासिल करना है। इसके लिए सभी विभागों को अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्य तय करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विधायक और जनप्रतिनिधि विकास की सबसे अहम कड़ी हैं, क्योंकि वे जनता की समस्याओं को सबसे करीब से समझते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी विधायकों के लिए चिंतन शिविर आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विधायी विमर्श में अब डेटा सुरक्षा, साइबर अपराध, जल संरक्षण और पर्यावरण जैसे विषय शामिल करना जरूरी है। जब समाज जागरूक होता है और जनप्रतिनिधि दूरदर्शी होते हैं, तभी विकास टिकाऊ बनता है। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा उपसभापति हरिवंश, विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# फैक्ट्री परिसर में कथित घुसपैठ, तोड़फोड़ और चोरी; भाई नीरज पौदार, भतीजों व मैनेजर पर केस दर्ज

## 40-50 लोगों के साथ फैक्ट्री परिसर में घुसने, गैस कटर से गेट काटने और सुरक्षा कर्मियों को धमकाने के आरोप



लुधियाना/यूटर्न/08 जून। जंडियाली स्थित एक औद्योगिक परिसर में कथित रूप से जबरन प्रवेश कर तोड़फोड़, चोरी और कर्मचारियों को धमकाने के मामले में थाना जमालपुर पुलिस ने एक कारोबारी परिवार के सदस्यों समेत 40-50 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



शिकायत के आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में संत नगर निवासी गोपाल पौदार, एमडी, एशियन लैक हेल्थ फूड्स लिमिटेड ने आरोप लगाया कि उनकी कंपनी की फैक्ट्री और संबंधित प्रॉपर्टी जंडियाली में स्थित है, जिस पर उनका वैध कब्जा है। शिकायतकर्ता के अनुसार एशियन इलेक्ट्रो लिमिटेड से जुड़े नीरज पौदार, अभिनव पौदार, अमरतिया पौदार, पवन राठी तथा 40-50 अन्य लोग कथित रूप से हथियारों से लैस होकर उनकी प्रॉपर्टी में बिना अनुमति दाखिल हो गए।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने परिसर में पहुंचकर कई संरचनात्मक हिस्सों को नुकसान पहुंचाया, पिल्लर उखाड़ दिए तथा गैस कटर की मदद से गेट काट डाले। इसके अलावा परिसर में लगी कीमती फिटिंग्स, मशीनरी से जुड़े उपकरण और अन्य सामान कथित रूप से चोरी कर लिया गया। गोपाल पौदार का आरोप है कि जब सुरक्षा कर्मियों ने आरोपियों को रोकने का प्रयास किया तो उनके साथ धक्का-मुक्की की गई, गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकियां दी गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार शिकायत की जांच के बाद नीरज पौदार, अभिनव पौदार, अमरतिया पौदार, पवन राठी सहित 40-50 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जांच अधिकारियों के अनुसार यह मामला केवल तोड़फोड़ और चोरी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें संपत्ति पर कब्जे के अधिकार और औद्योगिक परिसरों में कानून-व्यवस्था से जुड़े पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ज्वेलरी शॉप से महिला ने चुराई चेन, सरेआम बैग में डालकर हुई फरार



लुधियाना/यूटर्न/8 जून। सराफा बाजार में एक महिला चोर ने पीएस ज्वेलर की दुकान को निशाना बनाते हुए चांदी की चेन चोरी की और बैग में डालकर फरार हो गए। वारदात के समय ज्वेलर दुकान पर नहीं था। दुकान पर उसके दो बच्चे मौजूद थे। जिसका फायदा उठाकर महिला ने वारदात कर दी। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकान के मालिक संजीप ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि वह महज 2 मिनट के लिए दुकान के पीछे बाथरूम गए थे। दुकान के काउंटर पर उस समय उनके दो छोटे बच्चे अकेले मौजूद थे। बच्चों को अकेला देखकर महिला ने इसे एक सही मौका समझा और अपने छोटे बच्चे की आड़ लेकर दुकान के अंदर दाखिल हो गई। दुकान में घुसते ही महिला ने बच्चों से काउंटर में रखी चांदी की चेन दिखाने को कहा।

Happy Birthday



Diksha Kaushal

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### क्या फिलिपीन्स तीव्रता का भूकंप हमें आने वाले खतरे का अंदेशा दे रहा है?

फिलीपींस में 8.2 दशमलव के भूकंप ने दुनिया को डरा कर रख दिया है। यह अब तक के सबसे तेज आने वाले भूकंप में से एक है। धरती का हिलना एक सामान्य घटना हो सकती है लेकिन इतना भयंकर भूकंप हमें तबाही का संकेत देता है। हम धरती का जितना मर्जी दोहन कर लें वो शांति से सब सहती रहती है पर जब उसकी सहनशक्ति हद से भी ज्यादा बढ़ जाती है तब वो अपना विनाशकारी रूप दिखाती है और उसका नतीजा केवल तबाही ही तबाही होता है। हम अपनी धरती के रहमोकरम पर जीते हैं और उसी के सुख चैन को नजरअंदाज करके बर्बाद कर देते हैं। धरती तो बस कुछ सैकेंड के लिए कांपती है। और विनाश हो जाता है। अंत में अभिप्राय यही है कि हमें अपनी धरती माँ का दोहन करना बंद करके अभी भी समय रहते इसे संभालने की कोशिश करनी होगी। भूकंप सदियों से आते रहे हैं और आगे भी आते रहेंगे पर विनाश कम से कम हो इसके लिए अधिक से अधिक पेड़ उगाने और ईंट पत्थर के जंगल खड़े करने की बजाय हरियाली के जंगल खड़े करने होंगे।

# शहीदी गुरुपर्व को समर्पित विशाल नगर कीर्तन 15 जून को



लुधियाना/यूटर्न/8 जून। सचखंड श्री हजूर साहिब जत्था कमेटी की ओर से लुधियाना में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शहीदों के सरताज साहिब श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज के शहीदी गुरुपर्व को समर्पित निकाले जाने वाले विशाल नगर कीर्तन की तैयारियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर कमेटी सदस्यों ने पंजाब भाजपा मीडिया पैनलिस्ट एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश कपूर को औपचारिक रूप से निमंत्रण पत्र भेंट कर नगर कीर्तन में शामिल होने का आग्रह किया। कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप सिंह दीपा ने बताया कि 15 जून को दोपहर 3 बजे दोमोरिया पुल स्थित गुरुद्वारा स्त्री दल शहीदां से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया और पंच प्यारों की अगुवाई में विशाल नगर कीर्तन निकाला जाएगा। नगर कीर्तन विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए संगत को गुरु साहिब की शिक्षाओं और शहादत के संदेश से जोड़ने का कार्य करेगा।निमंत्रण स्वीकार करते हुए राकेश कपूर ने कहा कि शहीदी गुरुपर्व और नगर कीर्तन हमारी समृद्ध धार्मिक विरासत के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे, प्रेम, एकता और मानवता का संदेश देते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक संगत से नगर कीर्तन में शामिल होने की अपील की।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

क्या शादी से पहले की Chats और Photos Court में इस्तेमाल हो सकती हैं?

वैवाहिक विवादों में आजकल पुराने messages, photographs, emails और social media records भी अदालत में प्रस्तुत किए जाते हैं। कई बार शादी से पहले की chats A.SX photos को भी evidence के रूप में उपयोग करने की कोशिश होती है।

कानून के अनुसार, यदि कोई electronic record मामले से संबंधित (relevant) है, तो अदालत उसे देखने पर विचार कर सकती है। लेकिन हर पुरानी chat या photo अपने आप निर्णायक evidence नहीं बन जाती।

अदालत यह देखती है कि उस material का dispute से क्या संबंध है, उसकी authenticity क्या है, और क्या उसमें किसी प्रकार की editing या tampering हुई है।

उदाहरण के तौर पर, यदि कोई पक्ष cruelty, fraud, concealment of facts, false promises, या relationship conduct से जुड़े आरोप लगा रहा है, तो pre-marriage communications को संदर्भ (context) के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

हालांकि, केवल personal history या private conversations को unnecessarily public करना privacy concerns भी पैदा कर सकता है। इसलिए अदालत relevance और privacy—दोनों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करती है।

यह भी जरूरी है कि अधूरी chats या selectively presented screenshots कई बार गलत impression पैदा कर सकते हैं, इसलिए पूरा context महत्वपूर्ण होता है।

कई लोग यह मान लेते हैं कि पुराने messages delete कर देने से उनका कोई महत्व नहीं रहेगा, जबकि digital records कई परिस्थितियों में recover या reproduce किए जा सकते हैं।

निष्कर्ष: शादी से पहले की chats और photos कुछ परिस्थितियों में court evidence बन सकती हैं, लेकिन उनकी relevance, authenticity और context अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। Digital communication आज matrimonial disputes में बड़ी भूमिका निभा रही है।

# डीएवी की छात्रा अन्या तिवारी ने पंजाब राज्य बैडमिंटन में दोहरा खिताब जीता





लुधियाना/यूटर्न/08 जून। डीएवी पब्लिक स्कूल, बीआरएस नगर, लुधियाना की कक्षा 4 की छात्रा अन्या तिवारी ने पंजाब राज्य मिनी एवं सब-जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 5 से 7 जून तक बरनाला क्लब, बरनाला में आयोजित हुई। अन्या तिवारी ने अंडर-11 गर्ल्स सिंगल्स में विजेता का खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने अपनी साथी खिलाड़ी नितारा शर्मा के साथ अंडर-11 गर्ल्स डबल्स में भी प्रथम स्थान हासिल कर दोहरी जीत दर्ज की। उनके बेहतरीन प्रदर्शन की खेल जगत और खेल प्रेमियों ने खूब सराहना की। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी के विधायक अमृतपाल सिंह सुखनंद उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या, शिक्षक और विद्यार्थियों ने अन्या को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल ने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और खेलों में उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# डिंपल खत्री हत्याकांड पर रोष मार्च, फास्ट ट्रैक सुनवाई और आरोपी को फांसी देने की उठी मांग



पंजाब/यूटर्न/8 जून। मोहाली में डिंपल खत्री की हत्या के विरोध में पटियाला में एक रोष प्रदर्शन और मार्च निकाला गया। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने डिंपल खत्री के लिए न्याय और दोषी को फांसी की सजा देने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान डिंपल खत्री के परिजनों ने प्रशासन से मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में करवाने की मांग की। उनका कहना था कि आरोपी को ऐसी सख्त सजा मिलनी चाहिए, जिससे भविष्य में कोई भी निर्दोष लड़की के साथ ऐसा जघन्य अपराध करने की हिम्मत न कर सके।

### भाजपा की महिला मोर्चा अध्यक्ष रही मौजूद

इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा पंजाब की अध्यक्ष बीबा जय इंद्र कौर, शिरोमणि अकाली दल के प्रवक्ता अमित सिंह राठी, कांग्रेस नेता नरेश दुग्गल और पूर्व एडीजीपी गुरिंदर पाल सिंह ढिल्लों सहित कई प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक हस्तियां मौजूद रहीं। डिंपल की मासी की बेटी सुचेता ने भावुक होकर कहा कि उनके परिवार को अपनी बेटी के लिए इंसाफ चाहिए।

# कच्चे तेल की कीमतों की मार से उद्योग बेहाल, कारोबारी भोगल ने जताई गहरी चिंता

लुधियाना/यूटर्न/08 जून। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव का सीधा असर अब भारतीय उद्योगों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। विशेषकर मैन्युफैक्चरिंग और छोटे-बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में इस अस्थिरता के कारण भारी अनिश्चितता का माहौल बन गया है। लुधियाना के वरिष्ठ उद्योगपति अवतार सिंह भोगल ने इस स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि उद्योग जगत पहले ही कई चुनौतियों से जूझ रहा है और अब कच्चे तेल व गैस की कीमतों में लगातार बदलाव ने हालात और कठिन बना दिए हैं।



उन्होंने बताया कि उद्योगों के लिए सबसे बड़ी समस्या यह है कि उत्पादन लागत का सही अनुमान लगाना मुश्किल हो गया है। ्रआज जिस रेट पर हम ऑर्डर फाइनल करते हैं, अगले कुछ दिनों में वही कच्चे माल और ईंधन की कीमत बदल जाती है, जिससे पूरा कैलकुलेशन बिगड़ जाता है, भोगल ने कहा। उन्होंने यह भी बताया कि पेट्रोलियम आधारित उत्पादों, गैस और कच्चे माल पर निर्भरता के कारण ऑटो पार्ट्स, प्लास्टिक उत्पाद, साइकिल इंडस्ट्री और अन्य मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। लगातार बढ़ती लागत के चलते उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी कमजोर हो रही है।

जीएसटी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए अवतार सिंह भोगल ने कहा कि रिवर्स ड्यूटी सिस्टम और रिफंड प्रक्रिया में देरी के कारण उद्योगों की कार्यशील पूंजी पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

बैंक लोन पर ब्याज और समय पर रिफंड न मिलने से उद्योग दोहरी मार झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज स्थिति ऐसी हो गई है जैसे चक्की में पिसे जा रहे हों—न तो लागत स्थिर है और न ही मुनाफे की कोई निश्चितता।

उद्योगपति ने सरकार से अपील की है कि वह नीति स्तर पर स्थिरता लाए और उद्योगों के लिए एक ऐसा माहौल बनाए जिसमें वे लंबे समय की योजना बनाकर काम कर सकें। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि कच्चे तेल और गैस की कीमतों में स्थिरता नहीं आती, तो आने वाले समय में भारतीय औद्योगिक क्षेत्र पर इसका और गहरा असर देखने को मिल सकता है।

# बीसीएम आर्य के वैदिक कर्मयोग शिविर 2026 में आत्म-खोज और व्यक्तित्व विकास का संदेश

लुधियाना/यूटर्न/08 जून। बीसीएम आर्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शास्त्री नगर, लुधियाना में 31 मई से 6 जून तक आयोजित सप्ताहभर का आवासीय वैदिक कर्मयोग शिविर 2026 सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में कक्षा 6 से 8 तक के 98 विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर की शुरूआत पवित्र हवन के साथ हुई, जिसमें विद्यार्थियों को योग, ध्यान, अनुशासन, टीम वर्क और आत्म-चिंतन के माध्यम से आत्म-विकास की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिला। पूरे सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों ने योग, फिटनेस, खेल, रचनात्मक गतिविधियों, व्यक्तित्व विकास सत्रों और मानसिक व भावनात्मक संतुलन बढ़ाने वाले अभ्यासों में भाग लिया। विशेषज्ञों और प्रेरक वक्ताओं ने भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। समापन समारोह में छात्रों ने अपनी सीख और अनुभवों को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से साझा किया। इस अवसर पर हिमालयन योग के संस्थापक सुनील त्रिखा सहित विद्यालय प्रबंधन के सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. अनुजा कौशल ने कहा कि यह शिविर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्म-खोज और चरित्र निर्माण की एक यात्रा है, जो विद्यार्थियों को अनुशासित और मूल्य आधारित जीवन जीने की प्रेरणा देती है। शिविर के अंत में विद्यार्थियों ने नए आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और जीवन मूल्यों के साथ अपने घर वापसी की।



# मेरी रसोई योजना के तहत विधायक बग्गा ने 300 परिवारों को वितरित की राशन किटें

लुधियाना/यूटर्न/8 जून। विधानसभा क्षेत्र लुधियाना नॉर्थ के अंतर्गत वार्ड नंबर 1 में विधायक मदन लाल बग्गा ने मेरी रसोई योजना के तहत लगभग 300 जरूरतमंद परिवारों को राशन किटें वितरित कीं। इस अवसर पर पार्षद अशोक कुमार, पार्षद अमन बग्गा खुराना, वरिंदर कोहली, कुलदीप सिंह मक्कड़ सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। विधायक बग्गा ने कहा कि समाज के हर वर्ग तक राहत पहुंचाना पंजाब सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ऐसे जनसेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे। ्रमेरी रसोई योजना्र का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को आवश्यक राशन उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी परिवार बुनियादी जरूरतों से वंचित न रहे। स्थानीय निवासियों ने पंजाब सरकार और विधायक मदन लाल बग्गा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जा रहा है, जिससे आम लोगों को काफी राहत मिल रही है।



## मोबाइल झपटमारी की शिकायत थाने देने गए युवक की हत्या, प्लॉट में मिली लाश

लुधियाना/यूटर्न/8 जून। लुधियाना के गांव थरीके में मोबाइल स्नेचिंग की शिकायत लिखवाने की बात कहकर घर से निकले युवक की किसी व्यक्ति ने हत्या कर दी। उसकी प्लॉट से लाश मिली है। उसके शरीर पर चोट के निशान है। युवक की पहचान थरीके के करण (22) के रुप में हुई है। थाना सदर की पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।



जानकारी के अनुसार करण फिरोजपुर रोड स्थित एक मॉल में नौकरी करता था। उसका मोबाइल स्नैचिंग हो गया था। जिसके चलते वह घर से मोबाइल झपटमारी की शिकायत लिखवाने की बात कहकर चला गया। इसके बाद वह अपने एक दोस्त के साथ थ्रीके फाटक के पास रहने वाले किसी रिश्तेदार के घर गया था। पिंटू के अनुसार, सोमवार सुबह उसी रिश्तेदार का फोन आया, जिसने सूचना दी कि करण का शव एक खाली प्लॉट में पड़ा हुआ है। करण के चेहरे पर कई चोटों के निशान थे और उसका शरीर भी काला पड़ा हुआ दिखाई दे रहा था। उनका आरोप है कि यह मामला मारपीट के बाद हुई हत्या का हो सकता है, इसलिए पुलिस को इसकी गहनता से जांच करनी चाहिए। एएसआई जॉन पीटर ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल कर रही है।

## पंजाब में बिगड़ती कानून-व्यवस्था चिंता का विषय : रमेश जोशी

लुधियाना/यूटर्न/08 जून। पंजाब कांग्रेस के सचिव रमेश जोशी ने प्रदेश में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। अपराधियों के मन से कानून का डर पूरी तरह समाप्त हो चुका है, जिसके कारण प्रदेश में आपराधिक गतिविधियों में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। रमेश जोशी ने कहा कि आए दिन बम धमाकों, गोलीबारी, डकैती, फिरौती और चोरी जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। इन घटनाओं ने आम जनता के मन में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है।



लोग अपने घरों, कारोबारों और परिवारों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। राज्य सरकार अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में विफल साबित हुई है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार पुलिस प्रशासन का उपयोग राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में अधिक कर रही है, जबकि जनता की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि जब पुलिस पर राजनीतिक दबाव बढ़ता है तो उसका मनोबल प्रभावित होता है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की क्षमता भी कमजोर पड़ती है। रमेश जोशी ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाएं सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, पुलिस को स्वतंत्र रूप से कार्य करने दिया जाए तथा आम जनता में सुरक्षा और विश्वास का माहौल स्थापित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। पंजाब के लोग शांति, सुरक्षा और बेहतर प्रशासन की उम्मीद रखते हैं तथा सरकार को जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

# भाजपा के झूठे आरोपों पर राजबीर भारतीय का पलटवार: दो साल का सांसद, भाजपा के 10 साल के कार्यकाल पर भारी

## 'सांसद मनीष तिवारी जनता के प्रति जवाबदेह हैं, भाजपा के राजनीतिक प्रलाप के लिए नहीं'

चंडीगढ़/यूटर्न/08 जून। संसद चुनाव में जीत के दो वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी से हिसाब मांगने वाले भाजपा नेताओं को वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि राजबीर सिंह भारतीय ने करारा जवाब दिया है। भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सोनम वर्मा द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए भारतीय ने कहा कि सांसद मनीष तिवारी ने मात्र दो वर्षों में संसद और सड़कों पर चंडीगढ़ की आवाज को जिस मजबूती से उठाया है, वह भाजपा के पिछले दस वर्षों के कार्यकाल पर भारी है।

राजबीर सिंह भारतीय ने कहा कि भाजपा नेताओं को दूसरों पर सवाल उठाने से पहले अपने वादों का हिसाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश के प्रत्येक नागरिक के खाते में 15 लाख रुपये जमा कराने और हर वर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, जिसका जवाब आज तक नहीं दिया गया है।



### धरातल पर भी सक्रिय रहे सांसद

राजबीर सिंह भारतीय ने बताया कि सांसद निधि के माध्यम से शहर की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, पार्कों के विकास तथा पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु विभिन्न सुविधाओं की व्यवस्था करवाई गई। उन्होंने कहा कि मनीमाजरा के युवाओं के लिए खेल मैदान के विकास हेतु सांसद निधि से 10 लाख रुपये देने का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन प्रशासन अब तक भूमि उपलब्ध नहीं करा पाया है। इसी प्रकार मनीमाजरा हाउसिंग कॉम्प्लेक्स की बहुमंजिला इमारतों में लिफ्ट लगाने का प्रस्ताव भी प्रशासनिक उदासीनता का शिकार बना हुआ है।

### *भाजपा नेताओं को खुली बहस की चुनौती*

*राजबीर सिंह भारतीय ने भाजपा नेताओं को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि भाजपा वास्तव में दो वर्षों का हिसाब चाहती है, तो किसी भी सार्वजनिक मंच पर मीडिया की उपस्थिति में बहस कर ले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी के दो वर्षों के कार्यों की तुलना भाजपा अपने दस वर्षों के कार्यकाल से करके दिखाए। इससे जनता के सामने दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सांसद मनीष तिवारी भाजपा के राजनीतिक प्रपंचों के प्रति नहीं, बल्कि चंडीगढ़ की जनता के प्रति जवाबदेह हैं और उनके हितों के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं।*

### महिला भत्ते और महिला आरक्षण पर भाजपा को घेरा

महिलाओं को प्रतिमाह 8,500 रुपये देने के कांग्रेस के वादे पर उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए भारतीय ने कहा कि चुनावी घोषणा-पत्र में किए गए वादे सरकार बनने की स्थिति में लागू किए जाते हैं। यदि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती, तो महिलाओं को यह लाभ अवश्य मिलता। उन्होंने भाजपा से पूछा कि 15 लाख रुपये देने के वादे का क्या हुआ? महिला आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि संसद द्वारा महिला आरक्षण कानून पहले ही पारित किया जा चुका है। यदि भाजपा वास्तव में महिलाओं के हितों के प्रति गंभीर है, तो उसे नगर निगम और अन्य स्थानीय निकायों के चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत नहीं, बल्कि 50 प्रतिशत आरक्षण देने की पहल करनी चाहिए।

### संसद में सबसे सक्रिय सांसदों में शामिल हैं मनीष तिवारी

सांसद को 'साप्ताहिक सांसद' बताए जाने के आरोपों को खारिज करते हुए भारतीय ने कहा कि संसद का आधिकारिक रिकॉर्ड और उपस्थिति रजिस्टर इस बात के गवाह हैं कि मनीष तिवारी ने पिछले दो वर्षों में चंडीगढ़ और देशहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे संसद में उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को पहले संसद की कार्यवाही, उपस्थिति और पूछे गए प्रश्नों का रिकॉर्ड देखना चाहिए, उसके बाद ही टिप्पणी करनी चाहिए।

### चंडीगढ़ के प्रमुख मुद्दों को संसद में उठाया

भारतीय ने बताया कि सांसद मनीष तिवारी ने डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड के निस्तारण, मकानों के मालिकाना हक, बिजली-पानी के निजीकरण, स्मार्ट मीटर, मनीमाजरा में एनओसी की समस्या, बढ़ते प्रॉपर्टी टैक्स, स्वच्छ पेयजल, नीड-बेस्ड चेंज पॉलिसी, लाल डोरा विस्तार, ट्राईसिटी मेट्रो परियोजना, नगर निगम के मेयर का कार्यकाल बढ़ाने, सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों एवं स्टाफ की कमी तथा कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने जैसे मुद्दों को संसद और प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया है।

# शहीद अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में रक्तदान शिविर, मेयर सौरभ जोशी ने सराहा प्रयास

चंडीगढ़/यूटर्न/08 जून। चंडीगढ़ नगर निगम के फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज विभाग द्वारा ड्यूटी के दौरान शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में सेक्टर-17 स्थित फायर स्टेशन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन लायंस क्लब के सहयोग और पीजीआईएमईआर सेक्टर-12 के समर्थन से किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मेयर सौरभ जोशी ने शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और विभाग की इस पहल की सराहना की।

उन्होंने कहा कि अग्निशमन कर्मी समाज के सच्चे नायक हैं, जो आग और आपातकालीन परिस्थितियों में अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की जान-माल की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि शहीद



अग्निशमन कर्मियों की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन सेवा, त्याग और मानवता की भावना को दर्शाता है।

इससे पहले सुबह यूटी चंडीगढ़ के गृह सचिव एवं स्थानीय सरकार सचिव आईएएस मंदीप सिंह बराड़ ने शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त आईएएस अमित कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, लायंस क्लब के पदाधिकारी, पीजीआईएमईआर के चिकित्सक एवं कर्मचारी तथा फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंदीप सिंह बराड़ ने अग्निशमन कर्मियों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि वे समाज की सुरक्षा के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण और निस्वार्थ कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। आगजनी, प्राकृतिक आपदाओं और अन्य आपात स्थितियों में वे चौबीसों घंटे लोगों की सुरक्षा के लिए तत्पर रहते हैं।

उन्होंने कहा कि फायर सर्विसेज केवल आपातकालीन सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभाकर समाज को मजबूत बनाने में योगदान देती है।

उन्होंने स्वैच्छिक रक्तदाताओं की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि रक्तदान जीवन बचाने वाला महान कार्य है और नागरिकों को नियमित रूप से ऐसे मानवीय अभियानों में भाग लेना चाहिए। फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज के अधिकारियों ने पीजीआईएमईआर, लायंस क्लब और सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान को अपनी नियमित आदत बनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में मदद मिलती है।

# आबकारी-सीआईए की संयुक्त कार्रवाई: 36 हजार से अधिक शराब की बोतलें बरामद, FIR दर्ज

चंडीगढ़/यूटर्न/08 जून। चंडीगढ़ आबकारी विभाग और सीआईए की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान एक वाहन से 1,439 शराब की बोतलें जब्त की गईं, जबकि बाद में एक गोदाम से 34,608 बोतलें और बरामद हुईं। जानकारी के अनुसार, सीआईए चंडीगढ़ से प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी एवं कराधान आयुक्त निशांत यादव के मार्गदर्शन में ईटीआई शावीन जैन और सेक्टर-11 आबकारी टीम ने 7 जून की रात करीब 10:30 बजे आईटी पार्क लाइट्स के पास एक संदिग्ध वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली।

तलाशी के दौरान वाहन से 1,439 शराब की बोतलें बरामद हुईं। इनमें रॉयल स्टैग पिंट के 60 केस और रॉकफोर्ड शराब के 15 केस शामिल थे। बरामद शराब को मौके पर ही जब्त कर लिया गया और वाहन चालक के खिलाफ सीआईए थाना, सेक्टर-11 में एफआईआर दर्ज की गई। प्राथमिक जांच के बाद अधिकारियों ने मामले की पिछली कड़ियों की पड़ताल की। जांच में सामने आया कि शराब का यह स्टॉक चंडीगढ़ से बाहर भेजे जाने की तैयारी में था और इसे इंटरसेप्शन स्थल के पास स्थित एक गोदाम से लाया गया था। इसके बाद आबकारी और पुलिस टीम ने संबंधित गोदाम का पता लगाकर वहां छापा मारा। छापेमारी के दौरान गोदाम से 34,608 बोतलें भारतीय निर्मित विदेशी शराब (IMFL) बरामद की गईं। इनमें चार्ली व्हिस्की के 226 केस और किंग गोल्ड व्हिस्की के 495 केस शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, बरामद शराब पर अनिवार्य ट्रैक एंड ट्रेस मार्किंग नहीं पाई गई, जिससे इसकी वैधता पर सवाल खड़े हो गए हैं। गोदाम से बरामदगी के मामले में भी सीआईए थाना सेक्टर-11 में कानूनी कार्रवाई जारी है। आबकारी विभाग और पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है ताकि शराब की सप्लाई चेन और इसमें शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा सके।

# मंदिर के विवाद में गए पंजाबी युवक की जर्मनी में हत्या, हरियाणा के 4 युवकों ने तेजधार हथियारों से काटा

पंजाब/यूटर्न/8 जून। पंजाब के कपूरथला के युवक की जर्मनी में हत्या कर दी गई। वह मंदिर की प्रधानगी को लेकर हुए झगड़े को सुलझाने के लिए गया था। परिवार का आरोप है कि हरियाणा के रहने वाले 4 युवकों ने उसे तेजधार हथियारों से काट दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। युवक राजविंदर सिंह (30) के परिवार ने केंद्र सरकार से अंतिम संस्कार के लिए जर्मनी जाने की परमिशन या लाश को भारत लाने में मदद की मांग की है। वह 10 साल से जर्मनी में रह रहा था।



### जर्मनी का परमानेंट सिटीजन बन गया था मृतक

मृतक युवक राजविंदर के पिता जरनैल सिंह ने बताया कि उनका बेटे को वहां करीब 10 साल हो चुके थे। वह जर्मनी का परमानेंट सिटीजन बन चुका था। अब वह परिवार के साथ जर्मनी में ही रहता था। पिता ने बताया कि जर्मनी में एक मंदिर की प्रधानगी को लेकर झगड़ा हो गया। वहां हरियाणा के कुछ युवकों के साथ झगड़ा चल रहा था। इसी दौरान बुधवार को जब राजविंदर सिंह को पता चला तो वह इस विवाद को शांत करवाने के लिए वहां पहुंचा। झगड़े के बाद बुरी तरह से जख्मी राजविंदर को तुरंत अस्पताल ले गए। जहां 2 दिन तक उसका इलाज चला। फिर शनिवार मौत हो गई है।

# बेरोजगारों पर लाठीचार्ज से भड़के बिजली कर्मचारी

## सीएम मान का फूंका पुतला, 16-17 जून को हड़ताल की चेतावनी

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/8/जून। पटियाला में बिजली विभाग के मुख्य दफ्तर के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे 2600 अप्रेंटिस लाइनमैनों पर पुलिस द्वारा किए गए बर्बर लाठीचार्ज ने पंजाब भर के बिजली कर्मचारियों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। इसी कड़ी में, 'टेक्निकल सर्विस यूनियन' (TSU) के नेतृत्व में जगरूप मंडल में बिजली कर्मचारियों ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का पुतला फूंका और सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।



### सरकार की दमनकारी नीति के खिलाफ फूटा गुस्सा

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ळरव के जोनल प्रधान सुखविंदर सिंह काउंके, डिवीजन प्रधान अवतार सिंह क्लेर, परमजीत सिंह चीमा और अजमेर सिंह क्लेर सहित अन्य कर्मचारी नेताओं ने सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि ₹बदलाव₹ के वादे के साथ सत्ता में आई भगवंत मान सरकार एक तरफ तो कर्मचारियों के हकों पर डाका डाल रही है और उनका 28% महंगाई भत्ता (DA) व अन्य बकाया भुगतान रोककर बैठी है, वहीं दूसरी तरफ शांतिपूर्ण तरीके से रोजगार की मांग करने वाले युवाओं पर लाठियां बरसाकर अपनी दमनकारी मानसिकता का परिचय दे रही है।

### कर्मचारी नेताओं की सरकार को दो-टूक चेतावनी

यूनियन नेताओं ने लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए मांग की है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, कर्मचारियों का 18% डीए और रुका हुआ बकाया जल्द से जल्द जारी किया जाए। आंदोलन की अगली रणनीति स्पष्ट करते हुए नेताओं ने चेतावनी दी है कि: 14 जून मुख्यमंत्री के संगरूर स्थित आवास के बाहर राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

16-17 जून: यदि मांगे पूरी नहीं हुई, तो प्रदेश भर में दो दिवसीय पूर्ण हड़ताल की जाएगी। नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि हड़ताल के कारण बिजली व्यवस्था ठप होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी पंजाब सरकार और पावरकॉम मैनेजमेंट की होगी।

### प्रदर्शन में इनकी रही मुख्य भूमिका

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारियों ने सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रदर्शन में रजिंदर सिंह सिद्धू, भूपिंदर सिंह सेखों, कुलदीप सिंह मलक, प्रदीप सिंह मलक, अमनदीप सिंह डल्ला और हरविंदर सिंह स्वद्दी (जेई) समेत दर्जनों कर्मचारी और पदाधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने एक सुर में अपनी मांगों के पूरा होने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# जीत के बाद एक्शन मोड में पार्षद मनीष सैनी, वार्ड-6 में चलाया सफाई अभियान

डेराबस्सी/यूटर्न/07 जून। नगर परिषद चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद वार्ड नंबर-6 के नवनिर्वाचित पार्षद एडवोकेट मनीष सैनी ने सोमवार सुबह वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाकर विकास कार्यों की शुरूआत की। अभियान के दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों और युवाओं के साथ मिलकर गलियों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई करवाई तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। पार्षद मनीष सैनी ने कहा कि स्वच्छता केवल शहर की सुंदरता बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों के स्वास्थ्य और सार्वजनिक सुरक्षा से भी सीधे जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए साफ-सफाई बनाए रखना और जलभराव व बीमारियों से बचाव करना बेहद जरूरी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपने घरों और



आसपास के वातावरण को साफ रखें तथा कचरा केवल निर्धारित स्थानों पर ही डालें। उन्होंने कहा कि वार्ड में स्वच्छता को लेकर नियमित अभियान चलाए जाएंगे ताकि लोगों को साफ और स्वस्थ वातावरण मिल सके। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय युवा और निवासी भी अभियान में शामिल हुए। क्षेत्र के लोगों ने पार्षद की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले कई महीनों से कुछ स्थानों पर गंदगी की समस्या बनी हुई थी, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सफाई अभियान शुरू होने से वार्डवासियों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई कि नवनिर्वाचित पार्षद क्षेत्र की अन्य बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए भी इसी तरह सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# डेराबस्सी में भाजपा संगठन विस्तार अभियान तेज, बूथ स्तर पर समितियां बनाने की तैयारी





डेराबस्सी/यूटर्न/08 जून। आगामी चुनावी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने डेराबस्सी क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक पहुंच बनाने की कवायद तेज कर दी है। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरदर्शन सिंह सैणी की अगुवाई में आयोजित बैठक में कार्यकताओं को गांव-गांव और बूथ स्तर पर पार्टी का जनाधार बढ़ाने का लक्ष्य दिया गया। बैठक में संगठन विस्तार, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी और आम लोगों के साथ सीधा संवाद बढ़ाने पर जोर दिया गया। पार्टी नेताओं ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में क्षेत्र से भाजपा को करीब 66 हजार वोट मिले थे। अब लक्ष्य एक लाख से अधिक वोट हासिल कर संगठन को नई मजबूती प्रदान करना है। इसके लिए प्रत्येक बूथ पर कम से कम 10 सदस्यीय टीम गठित करने की योजना बनाई गई है, जो लोगों तक पहुंचकर केंद्र सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों की जानकारी देगी।

इस दौरान क्षेत्र के किसानों और खरबूजा उत्पादकों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। गुरदर्शन सिंह सैणी ने कहा कि मंडी और स्थानीय प्रशासन से संबंधित कुछ समस्याओं के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिन्हें प्रशासन के समक्ष उठाकर समाधान करवाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के किसानों को भी हरियाणा की तर्ज पर अधिक फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ मिलना चाहिए। बैठक में लोगों से सीधा संपर्क बनाए रखने के लिए सैणी ने अपना साप्ताहिक जनसंपर्क कार्यक्रम भी घोषित किया। उन्होंने बताया कि सप्ताह में तीन दिन डेराबस्सी और शेष दिन जीरकपुर कार्यालय में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं को बूथ एवं गांव स्तर की समितियां गठित करने के लिए फार्म भी वितरित किए गए। बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लालनगर क्षेत्र में शक्ति प्रदर्शन, सैकड़ों लोगों ने थामा आप का दामन

लालड़ू/यूटर्न/07 जून। नगर काउंसिल चुनावों के बाद आम आदमी पार्टी ने क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में पंजाब वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन एवं आप के वरिष्ठ नेता सुबाष शर्मा ने अपने निवास पर एक प्रभावशाली कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों ने भाग लिया, जबकि कई लोगों ने आम आदमी पार्टी में शामिल होने की घोषणा भी की। सभा को संबोधित करते



हुए सुबाष शर्मा ने कहा कि पंजाब सरकार ने पिछले वर्षों में कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं, जिनका लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने मुफ्त बिजली, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार की नीतियों से लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। शर्मा ने दावा किया कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार जल्द नई योजनाएं शुरू करने जा रही है, जिससे परिवारों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी विकास और पारदर्शिता की राजनीति के आधार पर आगामी चुनावों में भी जनता का समर्थन हासिल करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व और सरकार उन्हें अवसर देती है तो वह क्षेत्र की सेवा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। कार्यक्रम को पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सरबजीत सिंह जीरकपुर, अजमेर सिंह बलटाना, बिलासा दप्पर, गुरनाम सिंह मेहरी, मोहन सिंह छत तथा परमजीत सिंह सरपंच मीरपुरा सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने संगठन को और मजबूत बनाने तथा सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# पर्यावरण सप्ताह के तहत एमसी चंडीगढ़ का अभियान तेज, स्वच्छता, पौधारोपण और कचरा पृथक्करण पर जोर







चंडीगढ़/यूटर्न/08 जून। पर्यावरण सप्ताह के तहत नगर निगम चंडीगढ़ ने शहरभर में स्वच्छता अभियान, पौधारोपण कार्यक्रम और चार-स्तरीय कचरा पृथक्करण को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न सेक्टरों और कॉलोनियों में निगम की टीमों ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

अभियान में स्थानीय निवासियों, पार्षदों, मार्केट एसोसिएशनों और नगर निगम अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। निगम की टीमों ने घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और उन्हें वैज्ञानिक तरीके से कचरा प्रबंधन की जानकारी दी। साथ ही दुकानदारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी स्वच्छता और कचरा पृथक्करण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

नगर निगम अधिकारियों ने लोगों को गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू खतरनाक कचरा और सैनिटरी कचरे को अलग-अलग रखने की सलाह दी, ताकि इनके प्रभावी निस्तारण और पुनर्चक्रण की प्रक्रिया को बेहतर बनाया जा सके। इसके अलावा नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचने और पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

अभियान के दौरान उन परिवारों और नागरिकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जो नियमित रूप से घरों में ही कचरे का पृथक्करण कर रहे हैं। नगर निगम ने ऐसे लोगों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के तहत बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए, जिससे शहर की हरित आवरण क्षमता को बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

नगर निगम चंडीगढ़ ने शहरवासियों से अपील की कि वे स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाएं, कचरे का सही तरीके से पृथक्करण करें और चंडीगढ़ को स्वच्छ, हरित एवं टिकाऊ शहर बनाने में अपना योगदान दें।

# विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में बड़े हादसे में आठ लोगों की मौत, कई घायल

चंडीगढ़/यूटर्न/8 जून। सोमवार शाम आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में पिघली हुई धातु के फैलने से कम से कम आठ कर्मचारियों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। यह हादसा स्टील मेल्टिंग शॉप (एसएमएस) यूनिट में हुआ, जब पिघली हुई धातु ले जा रही एक लैडल (बड़ी कड़ाही/पात्र) के गिरने की खबर है, जिससे बहुत ज्यादा गर्म पदार्थ तेजी से काम करने वाली जगह पर फैल गया। आस-पास मौजूद कर्मचारी इस फैलाव की चपेट में आ गए, जिससे कई लोगों की मौत हुई और कई घायल हो गए। शुरूआती जानकारी के अनुसार, पीड़ित बुरी तरह झुलस गए थे। घायल कर्मचारियों को तुरंत पास के अस्पतालों में ले जाया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। घटना के तुरंत बाद इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीमें, दमकलकर्मी और प्लांट के अधिकारी मौके पर पहुँचे और बचाव व राहत कार्य शुरू किए।



## हादसे के कारण नहीं आए सामने

हादसे की सही वजह का अभी आधिकारिक तौर पर पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों ने यह पता लगाने के लिए जाँच शुरू कर दी है कि क्या यह हादसा उपकरण खराब होने, तकनीकी खराबी, मानवीय गलती या अन्य ऑपरेशनल कारणों से हुआ था। जाँच के हिस्से के तौर पर अधिकारियों द्वारा सुरक्षा प्रोटोकॉल और रखरखाव के रिकॉर्ड की जाँच किए जाने की उम्मीद है।

## मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की बढ़ी चिंताएं

इस घटना ने भारी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, खासकर स्टील प्लांट में औद्योगिक सुरक्षा को लेकर चिंताएँ फिर से बढ़ा दी हैं, जहाँ कर्मचारी बहुत ज्यादा तापमान और पिघली हुई धातु जैसे बेहद खतरनाक हालात में काम करते हैं। मजदूर यूनियनों और कर्मचारी प्रतिनिधियों ने भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए व्यापक जाँच और सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने की माँग की है। उन्होंने जान गँवाने वालों के परिवारों के लिए उचित मुआवजे की भी माँग की है। प्लांट मैनेजमेंट और राज्य के अधिकारी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और साथ ही घायल कर्मचारियों व मृतकों के परिवारों को मदद पहुँचा रहे हैं।

# सिख्स ऑफ अमेरिका के अध्यक्ष डॉ. जसदीप सिंह को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, एनसीए प्राप्त हुआ। 20वीं वर्षगांठ समारोह - 2026



वाशिंगटन, 8 जून (नवीन गोगना) अमेरिका के सिखों के अध्यक्ष डॉ. जसदीप सिंह जस्सी को इंडियन एसोसिएशन (एनसीए) के प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड (एनसीएए 2) के दौरान सम्मानित किया गया। सालगिरह का जश्न. इस कार्यक्रम ने नेतृत्व, एकता और सशक्तिकरण के दो दशकों का जश्न मनाने के लिए समुदाय के नेताओं, सांस्कृतिक कलाकारों, गणमान्य व्यक्तियों और एशियाई भारतीय समुदाय के सदस्यों को एक साथ लाया। सांस्कृतिक प्रदर्शन, सामुदायिक मान्यता और सामुदायिक सेवा और योगदान के लिए डॉ. जसदीप सिंह को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड की प्रस्तुति।

# आज होंगे पंजाब की आठ नगर निगमों में मेयर चुनाव, 5 में आप और एक में बीजेपी को पूर्ण बहुमत



विधायक कुलवंत सिंह सरबजीत सिंह समाना

पंजाब/यूटर्न/8 जून। पंजाब की आठ नगर निगमों में हुए चुनाव के बाद अब मंगलवार को मेयर पद के लिए चुनाव होना है। इनमें बरनाला, बठिंडा, बटाला, मोगा और मोहाली की पांच नगर निगमों में आम आदमी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला है, जबकि अबोहर में बीजेपी और कपूरथला में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत प्राप्त है। पठानकोट में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी है, लेकिन बहुमत से दूर है। ऐसे में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। मोहाली के करीब 22 पार्षदों के मोबाइल बंद हैं। बताया जा रहा है कि वे हिमाचल की पहाड़ियों की सैर कर रहे हैं। वहीं, बठिंडा में मेयर पद के दावेदारों ने आम आदमी पार्टी के पार्षदों को सालासर की सैर कराई है।

## मोहाली में दावेदारी पर फंसा पेंच

मोहाली नगर निगम में मेयर पद की दावेदारी पर पेंच फंस गया है। इसमें सबसे बड़ी दावेदारी मौजूदा विधायक कुलवंत सिंह के बेटे सरबजीत सिंह समाना की है। बताया जा रहा है कि 22 पार्षदों के साथ सरबजीत सिंह समाना हिमाचल पहुंच गए हैं और सभी के मोबाइल नंबर बंद आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी पार्षद कल शपथ ग्रहण और मेयर चुनाव के समय ही हिमाचल से सीधे मोहाली पहुंचेंगे। तब तक उनका किसी से कोई संपर्क नहीं होगा। दूसरी तरफ, वाटर सप्लाई एवं सीवरेज बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनी अहलूवालिया हैं।

# ऑल इंडिया रैकेटलॉन ओपन में विक्रमादित्य का जलवा, 4 पदक जीते, दो गोल्ड अपने नाम किए

पंजाब/यूटर्न/8 जून। मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) में आयोजित ऑल इंडिया रैकेटलॉन ओपन में विक्रमादित्य चौफला और सिद्धार्थ नांदल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल छह पदक अपने नाम किए। हाल ही आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के 150 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रैकेटलॉन एक संयुक्त खेल है, जिसमें खिलाड़ियों को टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वैश जैसे चार रैकेट खेल खेलने होते हैं। इस बार आयोजकों ने स्क्वैश की जगह पिकलबॉल को शामिल किया और नए प्रारूप को रैकेटलॉन राइट नाम दिया।




## विक्रमादित्य चौफला रह चुके कप्तान

विश्व रैकेटलॉन चैंपियनशिप में भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके उदयपुर (राजस्थान) के विक्रमादित्य चौफला टूर्नामेंट के सबसे सफल खिलाड़ियों में रहे। उन्होंने 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की मेन्स सिंगल्स स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा मेन्स डबल्स (40+) में वरुण मोटाशा के साथ मिलकर दूसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चौफला ने मेन्स सिंगल्स बी वर्ग में रजत पदक भी हासिल किया। कुल मिलाकर उन्होंने चार पदक जीते।

## सिद्धार्थ नांदल जीते दो स्वर्ण पदक

वहीं हरियाणा के पानीपत निवासी सिद्धार्थ नांदल ने भी शानदार खेल दिखाते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उन्होंने मेन्स सिंगल्स बी वर्ग के फाइनल में विक्रमादित्य चौफला को हराकर खिताब जीता। इसके बाद मेन्स डबल्स बी वर्ग में निखिल मनसुखानी के साथ जोड़ी बनाकर दूसरा स्वर्ण पदक भी अपने नाम कर लिया।

# वीआईपी रोड के फ्लैट से ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़, पांच आरोपी गिरफ्तार





जीरकपुर/यूटर्न/08 जून। जीरकपुर पुलिस ने वीआईपी रोड स्थित एक हाईराइज सोसाइटी में चल रहे ऑनलाइन सट्टेबाजी और ठगी के कथित रैकेट का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कई मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य डिजिटल उपकरण बरामद किए हैं। अदालत ने सभी आरोपियों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि वीआईपी रोड स्थित मोना ग्रीन सोसाइटी के एक फ्लैट में ऑनलाइन सट्टेबाजी और लोगों को निवेश के नाम पर ठगने का धंधा चलाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ब्लॉक-सी के फ्लैट नंबर 1202 पर छापेमारी की। मौके से पांच युवकों को हिरासत में लिया गया, जो मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को आईपीएल तथा अन्य क्रिकेट लीगों में सट्टा लगाकर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देते थे। लोगों को विभिन्न बैंक खातों में रकम जमा करवाने के लिए प्रेरित किया जाता था। आरोप है कि पैसे जमा होने के बाद आरोपी संपर्क तोड़ देते थे और निवेशकों को कोई लाभ नहीं मिलता था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपियों के मोबाइल फोन, लैपटॉप और बैंक खातों की जांच की जा रही है। डिजिटल डेटा खंगालकर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि देशभर में कितने लोगों को निशाना बनाया गया और ठगी की कुल रकम कितनी है। जांच एजेंसियों को संदेह है कि इस नेटवर्क से अन्य लोग भी जुड़े हो सकते हैं। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट सहित संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अधिकारियों का कहना है कि रिमांड के दौरान नेटवर्क के अन्य सदस्यों, बैंक खातों और ठगी के पूरे मॉड्यूल से जुड़े महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है। मामले की जांच जारी है।

# डीसीपी ऑफिस की असलहा ब्रांच में फायरिंग, एक पुलिसकर्मी की हालत गंभीर



अमृतसर/यूटर्न/8 जून। अमृतसर के डीसीपी कार्यालय की असलहा ब्रांच में अचानक फायरिंग हो गई। जानकारी के अनुसार, ब्रांच में हथियारों की जांच के दौरान अचानक 30 बोर के पिस्टल से गोली चल गई, जिससे वहां मौजूद एक पुलिस कर्मचारी घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 11 बजे एक व्यक्ति अपने लाइसेंसी हथियार की जांच करवाने के लिए असलहा ब्रांच पहुंचा था। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात एएसआई नारायण दास हथियार की जांच कर रहे थे। जांच के समय अचानक पिस्टल से गोली चल गई और गोली एएसआई नारायण दास को जा लगी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायल एएसआई को तुरंत उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि यह पहली बार नहीं है, जब असलहा ब्रांच में इस तरह की घटना हुई हो। इससे पहले भी हथियारों की जांच के दौरान एक बार गोली चलने की घटना सामने आ चुकी है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्थाओं और हथियारों की जांच प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं।

# हथियार तस्करी और हवाला नेटवर्क बेनकाब, अफगानी नागरिक समेत 4 गिरफ्तार, पिस्तौल-कारतूस बरामद

अमृतसर/यूटर्न/8 जून। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय अवैध हथियार तस्करी और हवाला नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने आज 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक अफगानी नागरिक भी शामिल है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कुल 8 आधुनिक पिस्तौल और 7 कारतूस बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी एक विदेशी नेटवर्क से जुड़े थे, जो अवैध हथियारों की सप्लाई में शामिल था। यह नेटवर्क हथियारों की खेप को सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित ड्रॉप लोकेशनों के माध्यम से भारत में पहुंचाता था। इसके बाद ये हथियार स्थानीय अपराधियों तक पहुंचाए जाते थे, ताकि उनका उपयोग आगे अवैध गतिविधियों और अपराधों में किया जा सके।




## हवाला नेटवर्क से फंडिंग और संगठित अपराध की साजिश

पुलिस के अनुसार यह गिरोह हवाला चैनल के माध्यम से पैसों का लेन-देन भी करता था, जिससे यह नेटवर्क और अधिक जटिल और संगठित बन गया था। बरामद हथियारों का उद्देश्य आपराधिक तत्वों को सप्लाई करना और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को प्रभावित करना था।

## अमृतसर में एफआईआर दर्ज

इस मामले में दो अलग-अलग पुलिस थानों पीएस इस्लामाबाद और पीएस गेट हकीमा में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक की जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इसमें और कौन-कौन लोग शामिल हैं और इसका अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन कितना गहरा है। अधिकारियों ने बताया कि आगे की जांच में और गिरफ्तारियां और बरामदगियां होने की संभावना है। पंजाब पुलिस ने स्पष्ट किया है कि राज्य में अवैध हथियारों, हवाला नेटवर्क और संगठित अपराध के खिलाफ उसकी जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी।

# श्रद्धा कपूर की प्रोफेशनल प्लानिंग और पर्सनल लाइफ सुर्खियों में




मुंबई/यूटर्न/08 जून। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। फिल्मी गलियारों में उनकी नई फिल्मों और निजी जिंदगी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। सूत्रों के अनुसार श्रद्धा आने वाले प्रोजेक्ट्स के चयन में बेहद सतर्कता बरत रही हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी हर पोस्ट को लेकर फैंस के बीच खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी बीच उनकी शादी और रिलेशनशिप को लेकर अटकलों ने भी बॉलीवुड में चर्चा तेज कर दी है।

# ओवरस्पीड ट्रक ने स्कूटी सवार दंपती को कुचला, उछलकर गिरी महिला की मौत



जालंधर/यूटर्न/8 जून। जालंधर के लम्मा पिंड चौक के पास आज सुबह सड़क हादसा हो गया, जहां एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक्टिवा सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी ट्रक ड्राइवर वाहन सहित मौके से भाग गया। इस घटना के कारण हाईवे पर काफी लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही थाना रामामंडी की पुलिस और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, करतारपुर का रहने वाला दंपती सोमवार सुबह अपनी एक्टिवा पर सवार होकर काम के सिलसिले में फगवाड़ा की ओर जा रहा था। जब उसकी स्कूटी लम्मा पिंड चौक के नजदीक डीएचएल दफ्तर और इंडियन ऑयल डिपो के पास पहुंची तो पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक्टिवा पर पीछे बैठी महिला सड़क पर दूर जा गिरी। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान कैलाश कौर के रूप में हुई है। वहीं, उनके पति कमलजीत सिंह को भी गंभीर चोटें आई हैं।

# अमृतपाल की पार्टी में जाएंगे विधायक अयाली, कल वारिस पंजाब दे ज्वाइन करेंगे, कई नेता भी होंगे शामिल

पंजाब/यूटर्न/8 जून। लुधियाना के दाखा हलके से विधायक मनप्रीत सिंह अयाली मंगलवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में अकाली दल वारिस पंजाब दे में शामिल होने जा रहे हैं। मनप्रीत अयाली ने हाल ही में अकाली दल पुनरसुरजीत से इस्तीफा दिया था और कयास लगाए जा रहे थे कि वो अब आम आदमी पार्टी ज्वाइन करेंगे। मनप्रीत आयाली के नजदीकी सूत्रों ने बताया कि अयाली आम आदमी पार्टी नहीं बल्कि अमृतपाल की पार्टी अकाली दल वारिस पंजाब दे ज्वाइन कर रहे हैं। मंगलवार को अमृतपाल के पिता तरसेम सिंह उन्हें पार्टी में शामिल करेंगे।



## समर्थक भी होंगे शामिल

*मनप्रीत अयाली के साथ उनके समर्थक व हाल ही में जिला परिषद व ब्लॉक समिति का चुनाव जीतने वाले नेता भी अकाली दल वारिस पंजाब दे में शामिल होने जा रहे हैं। गौरतलब है कि मनप्रीत सिंह अयाली शिरोमणि अकाली दल के टिकट पर दाखा से विधायक चुने गए थे। बेअदबी के मुद्दे पर पार्टी प्रधान सुखबीर सिंह बादल के साथ उनकी दूरियां बढ़ी। देखते-देखते दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ जमकर बयानबाजी की। जिसके बाद मनप्रीत सिंह अयाली ने शिअद छोड़कर अकाली दल पुनरसुरजीत ज्वाइन की थी।*

## दिल्ली वाली पार्टियों में नहीं होंगे शामिल

अयाली के आम आदमी पार्टी में शामिल होने की चचाएं चल रही थी। जिस पर अयाली ने समर्थकों को साफ कह दिया कि वो दिल्ली से चलने वाली पार्टियों में किसी भी हाल में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब में करप्शन खत्म करने की बात कहकर आई थी लेकिन उन्होंने कहा पार्टी खुद ही करप्शन में डूब गई। उन्होंने बताया कि जो काम पहले 2000 रुपए देकर होता था वो 20 हजार में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप वाले हर महीने 500 करोड़ रुपए दिल्ली भेज रहे हैं।

# ओवरस्पीड कार की टक्कर से 10 फीट उछलकर गिरा साइकिल सवार, जख्मी का मोबाइल लेकर भागा युवक



पंजाब/यूटर्न/8 जून। जालंधर की 120 फुटी रोड पर शाम 4 बजे ओवरस्पीड कार ने साइकिल सवार को हिट कर दिया। कार की टक्कर लगते ही साइकिल सवार बुजुर्ग लगभग 10 फीट उछलकर रोड पर गिरा। इससे उसके सिर के साइड में कनपटी पर चोट आई। राहगीरों ने तुरंत घायल बुजुर्ग को रोड से उठाकर छाया में लेटाया, पानी पिलाया और एंबुलेंस को फोन किया लेकिन एंबुलेंस घटना के 45 मिनट बाद पहुंची। पुलिस को भी 112 पर फोन कर सूचित किया गया लेकिन पुलिस घायल को अस्पताल ले जाने तक घटना स्थल पर नहीं पहुंची थी। हादसे के दौरान बुजुर्ग का मोबाइल सड़क पर गिर गया। जब तक राहगीरों ने बुजुर्ग को उठाकर छाया में लेटाया तब तक भीड़ के बीच से कोई युवक बुजुर्ग का मोबाइल लेकर भाग गया। आस-पास के लोगों के गिरा हुआ मोबाइल गाड़ियों के नीचे आस-पास भी ढूंढा लेकिन नहीं मिला। रिंग करने पर किसी ने फोन नहीं उठाया।

## किसी ने नहीं की सहायता

बुजुर्ग की पहचान टेगौर नगर के रहने वाले बोध राज के रूप में हुई है। घटना के बाद बुजुर्ग के आधार कार्ड और अन्य डॉक्यूमेंट से मिले मोबाइल नंबर से उनके बेटे को सूचित किया गया। बेटे ने आकर पिता को अस्पताल में दाखिल करवाया। बुजुर्ग की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना स्थल पर भीड़ जुटी देख दर्जनों वाहन चालक रुके लेकिन कोई भी बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाने के लिए राजी नहीं हुआ। जिस भी गाड़ी वाले से पूछा तो उनका एक ही जवाब था कि बुजुर्ग को गाड़ी में लिटाना मुश्किल होगा।

# 50 लाख की रंगदारी के लिए कराई फायरिंग, मुख्य शूटर गिरफ्तार, पुलिस ने बाजार में करवाई परेड

पंजाब/यूटर्न/8 जून। पठानकोट में रेस्टोरेंट मालिकों और व्यापारियों को डरा-धमका कर रंगदारी वसूलने वाले एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने एक मुख्य शूटर को गिरफ्तार किया है। बीते दिनों बटाला के पंजाब रोडवेज डिपो के सामने स्थित दीन दयाल उपाध्याय मार्केट में एक रेस्टोरेंट के बाहर इस शूटर ने साथियों के साथ सरेआम गोलियां चलाई गई थीं। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी युवक जय निंदर सिंह उर्फ जिम्मी को गिरफ्तार कर लिया है। आज पुलिस पकड़े गए आरोपी को उसी रेस्टोरेंट के बाहर लेकर पहुंची और पूरी मार्केट में उसका जुलूस निकालते हुए उसकी



परेड करवाई। आरोपी की परेड के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर एसएचओ सुखजिंदर सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

## 50 लाख की मांगी थी रंगदारी

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने शहर में लगातार की गई कई वारदातों को कबूल किया है। हालांकि, जांच के दौरान पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश में आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी जयंत सिंह उर्फ जिम्मी अपने साथी अमन आंडा और पवन गुरदासपुरिया के साथ मिलकर काम कर रहा था। इन आरोपियों ने विदेश या जेल में बैठे अपने आका के कहने पर एक रेस्टोरेंट मालिक से ₹50 लाख की भारी-भरकम रंगदारी मांगी थी। रंगदारी न मिलने पर दहशत फैलाने की नीयत से इन्होंने वारदातों को अंजाम दिया।

# आप की ब्लॉक महिला प्रधान ने एक घंटे में दो बार बदली पार्टी, पहले कांग्रेस में शामिल हुई फिर लौटकर थामा झाड़ू

पंजाब/यूटर्न/8 जून। रोपड़ के मोरिंडा शहर में आम आदमी पार्टी (आप) की ब्लॉक प्रधान मंजीत कौर ने एक घंटे के भीतर दो विरोधी पार्टियों का दामन थामकर राजनीतिक हलचल मचा दी। मंजीत कौर ने पहले पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के निवास पर कांग्रेस जॉइन की, लेकिन ठीक एक घंटे बाद ही वे दोबारा 'आप' में लौट आईं। सोमवार सुबह पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के मोरिंडा स्थित निवास पर बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता मौजूद थे। चन्नी ने मंजीत कौर को सिरोपा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इस दौरान मंजीत कौर ने 'आप' सरकार पर कार्यकताओं की अनदेखी का आरोप लगाया था।



कुछ समय बाद आप में दोबारा शामिल हुई



कांग्रेस में शामिल होते हुए मंजीत कौर

चन्नी ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें जारी कर इसे सत्ताधारी पार्टी से लोगों के मोहभंग का संकेत बताया।

## चन्नी बोले- मंजीत पर कोई दवाब नहीं था

बाद में चन्नी ने कहा कि मंजीत कौर पर कोई दबाव नहीं था और उन्होंने अपनी मर्जी से पार्टी बदली। इस घटनाक्रम में नया मोड़ तब आया, जब मंजीत कौर अचानक आप विधायक डॉ. चरणजीत सिंह के दफ्तर पहुंचीं। विधायक ने उन्हें सिरोपा पहनाकर पार्टी में वापस शामिल किया। 'आप' दफ्तर में मंजीत कौर ने अपने सुर बदलते हुए कहा कि वह 'आप' की वफादार सिपाही हैं और कांग्रेस नेताओं ने उन्हें गुमराह कर बहकाया था। विधायक डॉ. चरणजीत सिंह ने पूर्व सीएम चन्नी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह 'आप' कार्यकताओं को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कार्यकर्ता पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372